मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-146
16/04/2022

मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना की, राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की

पटना, 16 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लाल बलुआ पत्थर से नव पुननिर्मित महाबोधि मंदिर, बोधगया के चार मुख्य द्वार के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर एवं बोधिवृक्ष की पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा–अर्चना के पश्चात् मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर परिसर का परिभ्रमण किया।

महाबोधि मंदिर प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया।

परिभ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर परिसर बोधगया में 250 आरक्षियों हेतु नवनिर्मित पुलिस बैरक के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। महाबोधि मंदिर के पश्चिमी दीवार पर बने अशोक रेलिंग, पत्थर के पैनल और भगवान बुद्ध की वंदना के दर्शाए गए इतिहास के शिलापट्ट का अनावरण कर मुख्यमंत्री ने उसे लोकार्पित किया। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के प्रस्तावित कार्यालय का कलात्मक दृश्य के निर्माणाधीन भवन का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन भवन के साइट प्लान, फ्लोर प्लान आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मंदिर प्रांगण में जीविका द्वारा संचालित सादा नीरा स्टॉल का फीता काटकर मुख्यमंत्री ने नीरा स्टॉल का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उद्योग मंत्री श्री शाहनवाज हुसैन, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, सांसद श्री विजय कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, विधायक श्री कुमार सर्वजीत, अपर मुख्य सचिव वित्त सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री एस0 सिद्धार्थ, आयुक्त मगध प्रमंडल श्री मयंक वरवड़े, पुलिस महानिरीक्षक गया श्री विनय कुमार, प्रबंध निदेशक पर्यटन विकास निगम लिमिटेड श्री प्रभाकर, जिलाधिकारी गया डॉ0 त्याग राजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक गया श्रीमती हरप्रीत कौर, महाबोधि मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के सचिव श्री एन0 दोरजे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, मंदिर प्रबंधन कमेटी के सदस्यगण एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******